कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्र./ **GENS/45604/2026-STENO SEC** भिलाई, दिनांक : 12/06/2026

प्रति,

कार्यपालन अभियंता,
जोन–1,2,3,4, व 5/परियोजना शाखा
नगरपालिक निगम,
भिलाई

विषय :– अधोसंरचना पोर्टल एवं 15वें वित्त पोर्टल में दर्शित विकास कार्य/निर्माण कार्यो की प्रगति को ऑनलाईन अपलोड करने बाबत्।

– 00 –

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि अधोसंरचना मद एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वर्ष 2021 से 2026 तक स्वीकृत एवं संचालित कार्यों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया है कि अनेक कार्य वर्तमान में प्रगतिरत अथवा अप्रारंभ की स्थिति में प्रदर्शित हो रहे हैं। जबकि बहुत से कार्य पूर्ण हो चुके है। उक्त कार्यों की वास्तविक एवं अद्यतन स्थिति अभिलेखों में उपलब्ध जानकारी से भिन्न प्रदर्शित हो रही है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि अधोसंरचना मद एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वर्ष 2021 से 2026 तक स्वीकृत समस्त कार्यों की संबंधित नस्तियों/अभिलेखों का अवलोकन कर प्रत्येक कार्य की वर्तमान स्थिति (पूर्ण, प्रगतिरत, अप्रारंभ, निरस्त अथवा अन्य) का परीक्षण किया जाए तथा अद्यतन जानकारी संबंधित पोर्टल/प्रपत्र में तत्काल अपलोड कराना सुनिश्चित करें। साथ ही संबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटर से प्रत्येक सोमवार को नस्तियों की अद्यतन जानकारी अपलोड कराई जाये।

Digitally signed by
Rajeev Kumar Pandey
Date: 12-06-2026
18:51:19

आयुक्त
नगरपालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./ **GENS/45604/2026-STENO SEC** भिलाई, दिनांक : 12/06/2026

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य अभियंता, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता I/II, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. जोन आयुक्त, जोन–1,2,3,4 व 5, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
4. कार्यपालन अभियंता, जलकार्य/वाहन/स्टोर्स/उद्यान/कम्प्युटर/भवन संधारण, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. तकनीकी सहायक, डाटा सेंटर, नगरपालिक निगम भिलाई को निगम के वेबसाईट (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।
6. संबंधित .... नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. अधीक्षक स्थापना, नगरपालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगरपालिक निगम
भिलाई